
विचार-प्रवाह...कामकाज शुरू होने की उम्मीद



# पेज थ्री

देहरादून, सोमवार, 20 अप्रैल 2020



मौसम अधिकतम 31.0° न्यूनतम 18.0°

31588.72

2 चीनी सरकार ने कोरोना पर छुपाई जानकारी

7 रोहित शर्मा क्रिकेटर नहीं कवि है

## संक्षिप्त समाचार

### इंदौर में कोराना संक्रमित टीआई देवेन्द्र चंद्रवंशी का निधन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इंदौर। मध्यप्रदेश में कोरोना का एपिसेंटर बने इंदौर में 45 वर्षीय थाना प्रभारी की शनिवार रात 2 बजे मौत हो गई। इंस्पेक्टर देवेंद्र चंद्रवंशी जूनी थाने के प्रभारी थे। वे पिछले 19 दिन से अरविंदो अस्पताल में भर्ती थे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इंस्पेक्टर चंद्रवंशी के परिवार को 50 लाख रुपए की मदद देना का ऐलान किया है। टीआई चंद्रवंशी की पहली कोरोना रिपोर्ट में संक्रमण की पुष्टि हुई थी, लेकिन बाद में 13 और 15 अप्रैल की रिपोर्ट निगेटिव आई। अस्पताल प्रबंधन के प्रमुख डॉ. विनोद भंडारी का कहना है कि चंद्रवंशी की मौत का मुख्य कारण पल्मोनरी एम्बोलिज्म है।

### प्रवासी मजदूरों की आवाजाही को लकर गृह मंत्रालय क निर्देश

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। गृह मंत्रालय राज्य/केंद्र शासित प्रदेश के भीतर फंसे हुए मजदूरों की आवाजाही के लिए स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग सिस्टम जारी किया गया है। मजदूर वर्तमान में जहां रह रहे हैं वहीं रहेंगे। केंद्र शासित प्रदेशों और राज्यों के बाहर उनकी किसी भी तरह की आवाजाही नहीं होगी।

### राजस्थान में 80 मामलों की पुष्टि, राज्य में मरीजों की संख्या 1431 हुई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** राजस्थान। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार राज्य में आज 80 मामले सामने आए हैं। अब तक भरतपुर में 17, भीलवाड़ा में 1, बीकानेर में 2, जयपुर में 7, जैसलमेर में 1, झुंझुनू में 1, जोधपुर में 30, नागौर में 12, कोटा में 2, झालावाड़ में 2, हनुमानगढ़ में 1 और सवाई माधोपुर में 1 मामला सामने आया है। राज्य में अब तक कुल 1431 मामले सामने आ गए हैं। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने प्रवासी मजदूर से कहा, हमने अब तक 66,000 से अधिक टेस्ट किए हैं। इनमें से 95 प्रतिशत की रिपोर्ट नेगेटिव आई है।

# ई-कॉमर्स पर बदली गाइडलाइन्स

## लॉकडाउन में गैर-जरूरी सामानों की डिलिवरी नहीं कर पाएंगी ई-कॉमर्स कंपनियां

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कोरोनावायरस महामारी को रोकने के लिए किए गए लॉकडाउन के बीच ई-कॉमर्स कंपनियों की गैर जरूरी वस्तुओं की बिक्री की उम्मीदों को रविवार को झटका लगा है। सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि गैर जरूरी वस्तुओं की बिक्री अब लॉकडाउन खत्म होने के बाद ही की जा सकेगी। इससे पहले केंद्र ने ई-कॉमर्स कंपनियों को 20 अप्रैल से गैर जरूरी वस्तुओं की बिक्री को मंजूरी दी थी।

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने रविवार को ट्वीट किया, लॉकडाउन के दौरान ई-कॉमर्स कंपनियों द्वारा गैर-जरूरी वस्तुओं की बिक्री पर लगी रोक बरकरार रहेगी। केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला ने इस बारे में आदेश जारी किया। संशोधित दिशानिर्देशों से ई-कॉमर्स कंपनियों द्वारा गैरजरूरी उत्पादों की बिक्री को हटा दिया गया है। आदेश में कहा गया है कि ई-कॉमर्स कंपनियों से संबंधित प्रावधान जिसमें उनके वाहनों को आवश्यक अनुमति के साथ आवाजाही की अनुमति दी गई थी, को दिशानिर्देशों से हटाया जा रहा है। हालांकि, इस आदेश को पलटने की वजह तत्काल पता नहीं चल पाई है।

**20 अप्रैल से शुरू होनी थी टीवी-फ्रिज की ऑनलाइन खरीदारीः** इससे पहले 3 मई तक लॉकडाउन बढ़ाए जाने के दौरान क्या-क्या हो सकेगा, इसको लेकर कहा गया था कि मोबाइल फोन, टीवी, लैपटॉप जैसे इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद ई-कॉमर्स कंपनियों के मंच पर 20 अप्रैल से उपलब्ध होंगे। हालांकि इन सामानों की डिलिवरी करने वाले वाहनों को सड़कों पर चलाने के बारे में संबंधित प्राधिकरण से मंजूरी लेनी होगी। लेकिन अब गाइडलाइन्स में फिर बदलाव किया गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने शनिवार की सुबह ही इस बारे में समीक्षा की और संशोधित अधिसूचना जारी कर दी।



### अब विरोध में नहीं जोश में थाली बजाएंगे रिटेलर्स

लॉकडाउन के दौरान कल से ई कॉमर्स कंपनियों को नॉन असेंशल सामानों की ऑनलाइन बिक्री की छूट वापस लिए जाने पर देश के खुदरा व्यापारियों ने खुशी जाहिर की है। उनका कहना है कि आज शाम सात बजे देश के सभी खुदरा व्यापारी थाली, शंख आदि बजाएंगे लेकिन अब विरोध करने के लिए नहीं बल्कि सरकार का आभार प्रकट करने के लिए। इससे पहले ऑनलाइन कंपनियों को 20 अप्रैल से नॉन असेंशल सामानों की बिक्री का छूट दिए जाने के सरकार के फैसले के विरोध में खुदरा व्यापारियों ने पहले आज शाम सात बजे थाली, घंटी और शंख बजाने का फैसला किया था।

### 25 मार्च से ठप है कारोबार

बुधवार को जारी दिशानिर्देश में जरूरी और गैर-जरूरी जिंसों के बारे में स्पष्टीकरण नहीं दिया गया था। सरकार के इस कदम को औद्योगिक और वाणिज्यिक गतिविधियां शुरू करने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। ये गतिविधियां 25 मार्च से जारी बंद से ठप हैं। बड़ी संख्या में लोग ई-कॉमर्स कंपनियों के लॉजिस्टिक और सामानों की आपूर्ति के काम से जुड़े हैं। इन क्षेत्रों को खोलकर सरकार कर्मचारियों के एक बड़े तबगे के हितों की रक्षा करना चाहती है। उनका कहना है कि गर्मी के सीजन देखते हुए खुदरा कारोबारियों ने एयर कंडीशनर, कूलर, फ्रिज, पंखे, रेडीमेड गारमेंट्स, मोबाइल फोन, लैपटॉप और अन्य सामानों का पूरे सीजन के लिए स्टॉक खरीदकर अपने गोदाम में रख लिया है।

## सीएम केजरीवाल बोले, राजधानी में हालात खराब

# दिल्ली में किसी तरह की कोई ढील नहीं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने कहा कि लॉकडाउन की वजह से देश में अभी भी महामारी विकराल रूप नहीं धारण पाई। साथ ही उन्होंने कहा कि हम भी चाहते हैं कि लॉकडाउन खोला जाए लेकिन ऐसा कर नहीं सकते। फिलहाल दिल्ली में लॉकडाउन में किसी प्रकार की कोई छूट नहीं है। एक हफ्ते के बाद हम दोबार से जांच करेंगे कि क्या करना है।

लॉकडाउन में ढिलाई देने की बात पर सीएम केजरीवाल ने कहा कि अपने दिल्लीवासियों की जिंदगी का ख्याल रखते हुए हमने फैसला लिया है कि फिलहाल लॉकडाउन की शर्तों में कोई ढिलाई नहीं दी जाएगी। एक हफ्ते बाद हम दोबारा विशेषज्ञों के साथ बैठकर इसका मूल्यांकन करेंगे और जरूरत पड़ी तो ढिलाई दे सकते हैं।

**11 जिले हॉट स्पॉट घोषित**

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार का कहना है कि जो हॉट स्पॉट और कंटेनमेंट जोन हैं उनमें ढील फिलहाल नहीं दी जानी चाहिए। दिल्ली में 11 जिले हैं और 11 के 11 जिले हॉट स्पॉट घोषित किए गए हैं। केंद्र सरकार के मुताबिक कंटेनमेंट जोन में ढील नहीं दी जा सकती।

### स्थिति नियंत्रण में हैः केजरीवाल

सीएम ने कहा कि आज की तारीख में दिल्ली में 77 कंटेनमेंट जोन हैं। दिल्ली में कोरोना तेजी से फैल रहा है, लेकिन अभी स्थिति नियंत्रण के बाहर नहीं है। आज दिल्ली में 1,893 केस हैं इनमें से 26 आईसीयू में हैं और 6 वेंटिलेटर पर हैं। उन्होंने आगे कहा कि दिल्ली में पूरे देश की 2 प्रतिशत जनसंख्या रहती है लेकिन पूरे देश में कोरोना के जितने मामले हैं उसके 12 प्रतिशत दिल्ली में हैं। सबसे ज्यादा मार दिल्ली को झेलनी पड़ी।

### शिवसेना का राज्यपाल कोश्यारी पर निशाना

मुंबई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को विधान परिषद का सदस्य निर्वाचित करने में राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी की तरफ से मंजूरी मिलने में हो रही देरी पर रविवार को शिवसेना का गुस्सा फूट पड़ा और पार्टी सांसद संजय राउत ने परोक्ष रूप से पूर्व बीजेपी नेता पर निशाना साधा। राज्यपाल कोटे से ठाकरे को विधान परिषद में नामित किए जाने के लिये राज्य मंत्रिमंडल द्वारा हाल में की गई सिफारिश पर विधिक राय मांगने वाले कोश्यारी का नाम लिये बगैर ही राउत ने इस बात का कोई संशय नहीं छोड़ा कि उनके निशाने पर कौन है। राउत ने ट्वीट किया, राजभवन, राज्यपाल का आवास राजनीतिक साजिश का केंद्र नहीं बनना चाहिए। याद रखिए, इतिहास उन लोगों को नहीं छोड़ता जो असंवैधानिक व्यवहार करते हैं। ठाकरे राज्य विधानसभा या विधान परिषद में से किसी के भी सदस्य नहीं हैं। ठाकरे ने 28 नवंबर 2019 को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी और उनके छह महीने 28 मई 2020 को पूरे हो रहे हैं।

## कोविड-19 से मरने वालों की संख्या 507 हुई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

■संक्रमितों की संख्या बढ़ कर 15,712 हुई

नई दिल्ली। देश में कोविड-19 से मरने वालों की संख्या रविवार को बढ़ कर 507 हो गई जबकि संक्रमण के मामले बढ़ कर 15,712 हो गए। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि अभी देश में कोविड-19 से 12,974 लोग संक्रमित हैं जबकि 2,230 लोग उपचार के बाद ठीक हो गए हैं। उन्हें अस्पतालों से छुट्टी दी जा चुकी है।

एक व्यक्ति विदेश चला गया है। इन मामलों में 77 विदेशी नागरिक भी शामिल हैं। शनिवार शाम से 19 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें महाराष्ट्र के 10, गुजरात के पांच, पश्चिम बंगाल के दो, कर्नाटक और मध्य-प्रदेश का एक-एक व्यक्ति शामिल हैं।संक्रमण के कारण देश में हुई कुल 507 मौतों में महाराष्ट्र में सर्वाधिक 211 लोगों की मौत हुई। उसके बाद मध्य प्रदेश में 70, गुजरात में 53, दिल्ली में 42 और तेलंगाना में 18 लोगों की जान गई।

संक्रमण से तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश में 15-15 मौतें हुई हैं जबकि उत्तर प्रदेश और कर्नाटक में 14-14 लोगों की मौत हुई है। पंजाब में 13 लोगों की, राजस्थान में 11 और पश्चिम बंगाल में 12 लोगों की मौत हुई है। जम्मू-कश्मीर में पांच लोगों की जान चली गई जबकि केरल और हरियाणा में तीन-तीन मौतें हुई हैं। झारखंड और बिहार में दो-दो मौतें हुई हैं।

# पीपीई में देरी बर्दाश्त नहीं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

### स्टेट हेलिकॉप्टर खाली खड़े हैं, उन्हें भेजकर मंगाओः योगी

लखनऊ। एक ओर जहां कोरोना के बढ़ते प्रकोप को रोकने के लिए देश को पूरी तरह से लॉकडाउन कर दिया गया है। इस खतरनाक महामारी के प्रकोप से लोगों को बचाने के लिए कर्मवीर पूरी शिद्दत से जुटे हुए हैं।

इस सबके बीच लगातार उत्तर प्रदेश में पीपीई (पर्सनल प्रोटेक्शन इक्विपमेंट) किट्स की कमी को लेकर लगातार खबरें सामने आ रही हैं। सूबे के सीएम योगी आदित्यनाथ ने पीपीई किट्स की उपलब्धता को लेकर सख्त रुख अख्तियार कर लिया है।

सूत्रों के मुताबिक, कोरोना से हर स्तर पर लड़ाई के लिए यूपी सरकार द्वारा बनाई गई टीम-11 के साथ बैठक में सीएम योगी ने पीपीई किट्स की कमी को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में सामने आया कि ट्रक इत्यादि से पीपीई किट्स विभिन्न स्थानों पर पहुंचाने में समय लग रहा है।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in